SMT. NIRMALA DEVI

Smt. Nirmala Devi, President of Bhusura Mahila Vikas Samiti, Muzaffarpur, has made an extraordinary contribution to the preservation and global promotion of Sujni craft. Her tireless dedication to this traditional art has helped it gain international recognition.

2. Born on 15th August, 1947, Smt. Nirmala Devi was unable to complete her matriculation, due to financial issues. Since then, she has been working to enhance Sujani craft and establish embroidery's identity worldwide. She has been widely recognized for her immense contributions to the promotion and preservation of Sujani embroidery. Through her efforts, she has empowered countless women by training them in Sujni embroidery, significantly improving their livelihoods and giving them economic independence. Under her leadership, Bhusura Mahila Vikas Samiti has become a ray of hope for the women of the region, enabling them to showcase their craftsmanship on a global platform. Smt. Nirmala Devi's work in uplifting women and preserving this intricate craft is a testimony to her vision and commitment towards social empowerment.

3. One of the most significant achievements of Smt. Nirmala Devi was securing the Geographical Indication (GI) tag for Sujni embroidery in 2007, a milestone that helped establish its unique cultural identity and protect the rights of artisans engaged in this centuries-old craft. Her intricate and artistic embroidery work has been displayed in museums in Bihar, Mumbai and even in London, showcasing the rich heritage of Sujni embroidery to the world. Through her unwavering dedication, she has successfully positioned Sujni embroidery on the global stage, preserving its legacy for future generations.

4. In acknowledgment of her efforts, Smt. Nirmala Devi has received numerous prestigious awards for her outstanding work in the field of embroidery and women's empowerment such as National Award in Delhi Raj Bhawan in 2003 and State Award in 2007.

श्रीमती निर्मला देवी

श्रीमती निर्मला देवी, अध्यक्ष, भुसुरा महिला विकास समिति, मुजफ्फरपुर, ने सुजनी शिल्प के संरक्षण और वैश्विक प्रचार में असाधारण योगदान दिया है । इस पारंपरिक कला के प्रति उनके अथक समर्पण ने इसे अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने में मदद की है।

2. 15 अगस्त, 1947 को जन्मी, श्रीमती निर्मला देवी आर्थिक समस्याओं के कारण अपनी मैट्रिक की पढ़ाई पूरी नहीं कर पाईं। तब से, वह सुजनी शिल्प को आगे बढ़ाने और दुनिया भर में इस कढ़ाई की पहचान स्थापित करने के लिए काम कर रही हैं। सुजनी कढ़ाई के प्रचार और संरक्षण में अपने अपार योगदान के लिए बड़े पैमाने पर उनकी पहचान है। अपने प्रयासों से, उन्होंने अनगिनत महिलाओं को सुजनी कढ़ाई में प्रशिक्षण देकर सशक्त बनाया है, जिससे उनकी आमदनी में काफी बढ़ोतरी हुई है और उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता मिली है। उनके नेतृत्व में, भुसुरा महिला विकास समिति क्षेत्र की महिलाओं के लिए आशा की किरण बन गई है, जो उन्हें वैश्विक मंच पर अपने शिल्प का प्रदर्शन करने में सक्षम बनाती है। महिलाओं के उत्थान और इस महीन शिल्प को संरक्षित करने में श्रीमती निर्मला देवी का योगदान उनके विजन और सामाजिक सशक्तिकरण के प्रति उनके समर्पण का प्रमाण है।

3. श्रीमती निर्मला देवी की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक 2007 में सुजनी कढ़ाई के लिए भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग हासिल करना था। यह एक मील का पत्थर था, जिसने इसकी अनूठी सांस्कृतिक पहचान स्थापित करने और इस सदियों पुराने शिल्प में लगे कारीगरों के अधिकारों की रक्षा करने में मदद की। उनकी महीन और कलात्मक कढ़ाई का काम बिहार, मुंबई और यहां तक कि लंदन के संग्रहालयों में प्रदर्शित किया गया है, जो सुजनी कढ़ाई की समृद्ध विरासत को दुनिया में प्रदर्शित करता है। अपने अटूट समर्पण से, उन्होंने सुजनी कढ़ाई को वैश्विक मंच पर सफलतापूर्वक स्थापित किया है और भावी पीढ़ियों के लिए इसकी विरासत को संरक्षित किया है।

4. उनके प्रयासों को मान्यता देते हुए, श्रीमती निर्मला देवी को कढ़ाई और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुए हैं, जैसे कि 2003 में दिल्ली राजभवन में राष्ट्रीय पुरस्कार और 2007 में राज्य पुरस्कार।